# विषय : गणित Set-B

निर्देश:- (i) **सभी** प्रश्न हल करना अनिवार्य है।
(ii) कैलकुलेटर के प्रयोग की अनुमति नहीं है।

## खण्ड - अ

**निर्देश:**- प्रश्न क्रमांक 1 में दो खण्ड हैं **1 (A)** और **1 (B)**, **1 (A)** बहुविकल्पीय तथा **1(B)** रिक्त स्थान की पूर्ति करना। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक आबंटित है।

1. (अ) सही विकल्प चुनकर लिखिए:-

(i) 2 : 3 का घनानुपात होगा:-
(a) 8: 27 (b) 27: 8
(c) $\sqrt[3]{2}:\sqrt[3]{3}$ (d) 3 : 2

(ii) मूल बिन्दु का निर्देशांक होता है:
(a) $(x\ y)$ (b) $(x, 0)$
(c) $(0, y)$ (d) $(0, 0)$

(iii) $\cos\theta\times\sec\theta$ का मान होगा
(a) 1 (b) −1
(c) 2 (d) −2

(iv) $r$ त्रिज्या वाले बेलन के आधार का परिमाप होगा:
(a) $\pi r^2$ (b) $\pi^2 r$
(c) $2\pi r$ (d) $2\pi r^2$

(v) 5, 7, 3, 5, 9, 5, 4, 2, 5, 9 का बहुलक होगा:
(a) 2 (b) 5
(c) 7 (d) 9

(B) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–
(i) तीन असरेख बिन्दुओं से होकर ………… वृत्त खींचा जा सकता है।
(ii) वर्ग समीकरण के मूलों की संख्या ………… होती है।
(iii) π रेडियन का मान अंश में ………… होता है।
(iv) वृत्त के केन्द्र से जीवा पर डाला गया लम्ब, जीवा को ………… करता है।
(v) द्विआधारी पद्धति में आधार ………… होता है।

## खण्ड - ब

**निर्देश:**- प्रश्न क्रमांक **2** से **9** तक अति लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर **2** अंक आबंटित हैं।

2. परिमेय व्यंजक $\frac{x-4}{x+1}$ और $\frac{x+3}{x-1}$ का योगफल ज्ञात कीजिए।
3. वर्ग समीकरण बनाइये जिनके मूलों का योगफल 5 व गुणनफल −6 है।
4. यदि एक वृत्त के व्यास के सिरों के निर्देशांक (3, 4) तथा (10, 11) हैं, तो वृत्त के केन्द्र का निर्देशांक ज्ञात कीजिए।
5. 120 अंश को रेडियन में परिवर्तन कीजिए।
6. एक लम्ब त्रिभुजीय प्रिज्म के आधार का परिमाप 30 सेमी. और ऊँचाई 5 सेमी. है, तो इसका पार्श्व पृष्ठ ज्ञात कीजिए।
7. द्विआधारी पद्धति से योग ज्ञात कीजिए–
1011 + 1001
8. संख्या 1001 को द्विआधारी प्रणाली से दशमलव प्रणाली में बदलिये।
9. ज्ञात कीजिए 3 सेमी., 4 सेमी., 5 सेमी. भुजा वाले त्रिभुज समकोण त्रिभुज होगा या नहीं ?

## खण्ड - स

**निर्देश:**- प्रश्न क्रमांक **10** से **15** तक अति लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर **3** अंक आबंटित हैं।

10. 5, 10 का तृतीयानुपाती ज्ञात कीजिए।
11. वर्ग समीकरण $3x^2-5x+2=0$ को हल कीजिए।
12. श्रेणी 9 + 12 + 15+ ............ का 16 पदों तक योगफल ज्ञात कीजिए।
13. राम ने भारतीय स्टेट बैंक की एक शाखा में एक वर्ष के लिए 10,000 रुपये सावधि खाता में जमा किया। यदि ब्याज की दर 8 प्रतिशत वार्षिक हो, तो अवधि पूर्ण होने पर कितनी रकम प्राप्त होगी यदि ब्याज की दर अर्धवार्षिक हो।
14. मान ज्ञात कीजिए:-
$$\left(\frac{\sin 35^\circ}{\cos 55^\circ}\right)+\left(\frac{\cos 55^\circ}{\sin 35^\circ}\right)+\sqrt{2}\cos 60^\circ$$
15. एक बेलन का व्यास 14 सेमी. तथा ऊंचाई 10 सेमी. है, तो बेलन का आयतन ज्ञात कीजिए।

## खण्ड - द

**निर्देश:**- प्रश्न क्रमांक **16** से **21** तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प हैं। प्रत्येक प्रश्न पर **4** अंक निर्धारित हैं।

16. उस बिन्दु के निर्देशांक ज्ञात कीजिए जो बिन्दुओं (3, 7) और (−1, −5) को मिलाने वाली रेखा को 2 : 3 के अनुपात में अन्तः विभाजित करता है।

**अथवा**

सिद्ध कीजिए कि बिन्दु (2, 0), (11, 6) तथा (−4, −4) समरेख हैं।

17. यदि $x=a\sin\theta$ तथा $y=a\cos\theta$ हो, तो सिद्ध कीजिए कि $x^2+y^2=a^2$।

**अथवा**

सिद्ध कीजिए $\frac{1+\sec\theta}{\sec\theta}=\frac{\sin^2\theta}{1-\cos\theta}$

18. ज्यामितिय विधि से सिद्ध कीजिए :
$\sin^2\theta+\cos^2\theta=1$

**अथवा**

समीकरण हल कीजिए:-
$$\frac{\sin^2\theta}{1-\sin^2\theta}=3$$

19. 6 सेमी. त्रिज्या वाले पीतल के ठोस गोले को पिघलाकर 6 सेमी. ऊंचाई का एक लम्बवृत्तीय शंकु बनाया गया है, तो शंकु की त्रिज्या ज्ञात कीजिए।

**अथवा**

2 सेमी. त्रिज्या वाले 64 गोलियों को पिघलाकर एक बड़ा गोला बनाया गया है, बड़े गोले की त्रिज्या ज्ञात कीजिए।

20. समांतर माध्य ज्ञात कीजिए:-

| वर्ग अंतराल | 0–10 | 10–20 | 20–30 | 30–40 |
|---|---|---|---|---|
| बारंबारता | 5 | 7 | 4 | 9 |

**अथवा**

| वर्ग अंतराल | 0–10 | 10–20 | 20–30 | 30–40 | 40–50 |
|---|---|---|---|---|---|
| बारंबारता | 4 | 8 | 10 | 12 | 16 |

21. यदि $\Delta ABC \sim \Delta PQR$ तथा BC = 3 से.मी., QR = 4 सेमी. एवं $\Delta ABC$ का क्षेत्रफल 54 वर्ग सेमी. हो, तो $\Delta PQR$ का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

**अथवा**

यदि वृत्त के केन्द्र से 3 सेमी. की दूरी पर स्थित जीवा की लम्बाई 8 सेमी. है, तो वृत्त की त्रिज्या ज्ञात कीजिए।

## खण्ड – इ

**निर्देश:**– प्रश्न क्रमांक **22** से **25** तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प हैं। प्रत्येक प्रश्न पर **5** अंक निर्धारित है।

22. यदि $\alpha, \beta$ वर्ग समीकरण $4x^2 + 3x + 7 = 0$ के मूल हों, तो $\frac{1}{\alpha} + \frac{1}{\beta}$ का मान ज्ञात कीजिए।

**अथवा**

गुणनखण्ड कीजिए:-

$x(y^2 + z^2) + y(z^2 + x^2) + z(x^2 + y^2) + 2xyz$

23. 30 मानों का समान्तर माध्य 150 है, जांच करने पर यह पाया गया कि माध्य का अभिकलन करने के दौरान मान 165 के स्थान पर गलती से 135 लिख दिया गया। सही माध्य ज्ञात कीजिए।

**अथवा**

एक पाँसे को उछालने पर उपरी भाग में 5 से छोटा अंक प्राप्त करने की प्रायिकता ज्ञात कीजिए।

24. सिद्ध कीजिए ''चक्रीय चतुर्भुज के सम्मुख कोणों का योगफल 180° होता है।''

**अथवा**

पाइथागोरस प्रमेय को लिखिए तथा सिद्ध कीजिए।

25. मोहन, पंजाब नैशनल बैंक में 150 रुपये प्रति माह की दर से 2 वर्ष तक आवर्ती जमा खाता में निवेश करता है, यदि ब्याज की दर 5 प्रतिशत वार्षिक हो, तो उसे 2 वर्ष बाद कितना धन मिलेगा।

**अथवा**

पंकज की वार्षिक आय (मकान किराया भत्ता छोड़कर) 1,80,000 रुपये है। वह सामान्य भविष्य निधि में प्रतिमाह 1,000 रुपये तथा 500 रु. प्रतिमाह जीवन बीमा में निवेश करता है। आयकर की गणना कीजिए।

(i) आयकर की दरें:-

| | |
|---|---|
| (a) 1,10,000 रुपये तक | शून्य |
| (b) 1,10,001 रु. से 1,50,000 रु. तक | 10 प्रतिशत |
| (c) 1,50,001 रु. से 2,50,000 रु. तक | 20 प्रतिशत |
| (d) 2,50,000 रु. से ऊपर पर | 30 प्रतिशत |

(ii) शिक्षा उपकर :- आयकर की राशि पर 3 प्रतिशत की दर से देय होगा।

## खण्ड - एक

**निर्देश:**- प्रश्न क्रमांक **26** एवं **27** दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प हैं। प्रत्येक प्रश्न पर **6** अंक निर्धारित हैं।

26. किसी समांतर श्रेणी का 5वां पद 1 और 31वां पद –77 है। श्रेणी का 11वां पद ज्ञात कीजिए।

**अथवा**

यदि $a : b = c : d$ हो, तो सिद्ध कीजिए कि $\frac{a^2 + c^2}{a^2 - c^2} = \frac{b^2 + d^2}{b^2 - d^2}$

27. एक त्रिभुज ABC के परिवृत्त की रचना कीजिए जहाँ AB =5.5 सेमी., BC=6 सेमी. $\angle B = 55°$ रचना के पद भी लिखिए।

**अथवा**

एक $\Delta ABC$ की रचना कीजिए जिसमें BC = 5 सेमी. $\angle A = 60°$ तथा A से डाला गया शीर्ष लंब 4 सेमी. है। रचना के पद भी लिखिए।